# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

## विद्या परिषद की 71 वीं बैठक

## कार्यवाही विवरण

विद्या परिषद की 71 वीं बैठक दिनांक 30 नवंबर 2024 को अपरान्ह 2.00 बजे ऑफलाईन एवं ऑनलाईन मोड पर आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 केलाश सोडाणी द्वारा की गई एवं बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :–

1. प्रो0 (डॉ0 ) नवल किशोर, — सदस्य (ऑन लाईन उपस्थित)
   आचार्य, प्रबंध
   इन्दिरा गांधी रा0 मुक्त वि0वि0, नई दिल्ली।

2. प्रो0(सेवानिवृत्त) जी. सोरल — सदस्य (ऑन लाईन उपस्थित)
   मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।

3. प्रो0(सेवानिवृत्त) महिपाल सिंह — सदस्य
   गुरू गोविन्द सिंह राज0 महा0
   बांसवाड़ा।

4. प्रो0 राखी गुप्ता, — सदस्य (ऑन लाईन उपस्थित)
   आचार्य रसायन विज्ञान
   आई0सी0एस0 जयपुर।

5. प्रो0 बी0 अरूण कुमार — सदस्य
   निदेशक (अकादमिक ) एवं आचार्य, राजनीति विज्ञान,
   एवं परीक्षा नियंत्रक, वमखुविवि, कोटा

6. प्रो0 सुबोध कुमार, — सदस्य
   आचार्य, पत्रकारिता वमखुविवि, कोटा

7. डॉ0 दिलिप कुमार शर्मा — सदस्य
   निदेशक, क्षे0के0 वमखुविवि,कोटा।

8. डॉ0 अनुरोध गोधा, — सदस्य (ऑन लाईन उपस्थित)
   सह आचार्य, वाणिज्य, वमखुविवि,कोटा

9. डॉ0 क्षमता चौधरी — सदस्य
   सह आचार्य (अंग्रेजी),वमखुविवि,कोटा।

10. डॉ0 अनुराधा दुबे — सदस्य
    सह आचार्य, वनस्पति शास्त्र, वमखुविवि, कोटा

11. डॉ0 आलोक चौहान, सदस्य
सहा0 आचार्य, भूगोल, वमखुविवि, कोटा

12. डॉ0 संदीप हुड्डा, सदस्य
सहा0 आचार्य, प्राणी शास्त्र, वमखुविवि, कोटा

13. डॉ0 सुरेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ, सदस्य
सहा0 आचार्य, अर्थशास्त्र, वमखुविवि, कोटा

14. डा0 अकबर अली सदस्य
सहा0 आचार्य (लोक प्रशसन) वमखुविवि,कोटा। (ऑन लाईन उपस्थित)

15. डॉ0 कपिल गौतम सदस्य
सहा0 आचार्य (संस्कृत), वमखुविवि,कोटा।

16. डॉ0 रवि गुप्ता, सदस्य
सहा0 आचार्य, गणित, वमखुविवि, कोटा

17. श्री सुशील राजपुरोहित, सदस्य
सहा0 आचार्य, भौतिक विज्ञान, वमखुविवि, कोटा

18. डा0 नीरज अरोड़ा, सदस्य
सहा0 आचार्य, कम्प्यूटर साइंस, वमखुविवि, कोटा

19. श्रीमती सरिता सदस्य सचिव
कुलसचिव

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए नवमनोनीत सदस्यगणों प्रो0 जी0 सोरल प्रो0 महिपाल सिंह एवं प्रो0 राखी गुप्ता तथा कुलसचिव श्रीमती सरिता का सदन से परिचय करवाते हुए माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से कार्यसूची विवरण में उल्लेखित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए निम्नानुसार निर्णय लिये गए:–

71/01 विद्या परिषद की 70वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन एवं निर्णयों की पालना में की गई कार्यवाही का अनुपालना प्रतिवेदन अवलोकनार्थ।

विद्या परिषद की 70वीं बैठक के कार्यवाही विवरण को अवलोकन उपरांत अनुमोदित किया गया एवं बैठक के निर्णयों की पालना में की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

71/02 एन0ई0पी0 लागू किए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।

नई शिक्षा नीति 2020 को विश्वविद्यालय में लागू करने के लिए तैयार किए गए दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में प्रो0 बी0 अरूण कुमार द्वारा सदन को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । सदन द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 को विश्वविद्यालय में लागू किए जाने के लिए तैयार की गई गाईडलाईन/प्रक्रिया को अनुमोदित करते हुए इसे आगामी सत्र जनवरी–2025 से लागू किए जाने की स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्णय किया कि शिक्षा नीति लागू करते समय भविष्य में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जारी नवीन निर्देशों एवं समय–समय पर आने वाली व्यवहारिक समस्याओं/ संशयों का निराकरण करने के लिए बार बार विद्या परिषद की बैठक आयोजित किया जाना संभव नहीं हो पाता है ,अतः एक समिति गठित कर दी जाए जो आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करेगी। इन सुझावों को माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से आदेश जारी कर विश्वविद्यालय में लागू कर दिया जाए एवं बाद में विद्या परिषद की आगामी बैठकों में सदन से इन आदेशों की पुष्टि करवा ली जाए। उक्त समिति गठित करने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

71/03 सात नए अध्ययन केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव।

नए अध्ययन केन्द्रों को खोले जाने के सम्बन्ध में डा0 अनुरोध गोधा द्वारा सदन को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । सदन द्वारा निम्नलिखित सात नए अध्ययन केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गईः–

**क्षेत्रीय केन्द्र, अजमेर**

1. प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा, भीलवाड़ा।
2. राजकीय महाविद्यालय, मेड़ता सिटी, जिला –नागौर।

**क्षेत्रीय केन्द्र, जोधपुर**

3. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालेसर।
4. वीर सिरोमणि देवराज राठौड राजकीय महाविद्यालय, शेरगढ़।
5. राजकीय महाविद्यालय जैतारण , जिला पाली।
6. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रताप नगर जोधपुर।

**क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर**

7. भरतिया प्रशिक्षण संस्थान, (B.Ed/B.STC) बीजोरावास, बहरोड़ अलवर

71/04 फलितज्योतिष में प्रमाण पत्र (Certificate In Falit Jyotish) नामक कार्यक्रम को ऑनलाईन मोड (Four Quadrants) से चलाए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।

फलितज्योतिष में प्रमाण पत्र (Certificate In Falit Jyotish) नामक कार्यक्रम को ऑनलाईन मोड (Four Quadrants) से चलाए जाने की आवयकता एवं उपयोगिता के संबंध में डॉ. कपिल गौतम द्वारा सदन को जानकारी प्रदान किये जाने के उपरांत सदन द्वारा फलितज्योतिष में प्रमाण पत्र (Certificate In Falit Jyotish) नामक पाठ्यक्रम को ऑनलाईन मोड (Four Quadrants) से संचालित करने की सैद्धान्तिक स्वीकृती प्रदान की गयी, एवं प्रवेश शुल्क ऑफलाइन के समान ही रखे जाने पर सहमति व्यक्त की गई | जब तक उक्त कार्यक्रम ऑनलाइन मोड पर संचालन करने की समस्त तैयारियां पूर्ण नहीं होती है तब तक विधमान व्यवस्था को जारी रखने का निर्णय किया गया |

71/05 माननीय कुलपति महोदय द्वारा जारी किए गए आदेशों की कार्येत्तर स्वीकृति का प्रस्ताव।

सदन द्वारा निम्नलिखित आदेशों के अवलोकन उपरांत पुष्टि की गईः—

1- रिसर्च बोर्ड के गठन सम्बन्धी शोध विभाग का आदेश संख्या 3813 दिनांक 21.08.24।
2- अध्ययन केन्द्रों के संचालन हेतु निर्धारित एस0ओ0पी0 सम्बन्धी क्षेत्रीय सेवा विभाग द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्या 1547 दिनांक 16.10.24।

71/06 Diploma in Computer Application and Diploma in Library and Information Science (ऑनलाईन) सम्बन्धी प्रस्ताव ।

**प्रस्ताव के संबंध में डॉ नीरज अरोड़ा द्वारा सदन को जानकारी देते हुए बताया कि Diploma in Computer Application (Online) (DCA-OL) कार्यक्रम तथा Diploma in Library and Information Science (Online) (DLIS-OL) नामक कार्यक्रम वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा में सत्र जनवरी 2024 से संचालित है । उक्त कार्यक्रम अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है । इन कार्यक्रमों के Quadrant को हिन्दी भाषा में अनुवाद किया जाना है ताकि विद्यार्थी को सुगमता से समझने में आसानी रहेगी | सदन द्वारा प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया |**

71/07 सीका रिपोर्ट एवं सीका रिपार्ट के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

डा0 अनुराधा दुबे द्वारा सीका रिपोर्ट के सम्बन्ध में सदन को अवगत करवाया कि उक्त रिपोर्ट प्रतिवर्ष प्रस्तुत की जानी आवश्यक होती है, उन्होंने रिपोर्ट की प्रति सदन के पटल पर अवलोकन हेतु प्रस्तुत की तथा अवगत करवाया कि उक्त रिपोर्ट अवलोकन हेतु ऑनलाईन लिंक पर भी उपलब्ध है, सदन द्वारा सीका रिपोर्ट एवं सीका रिपार्ट के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया।

71/08 सत्रहवें दीक्षांत समारोह के लिए ग्रेस पास का प्रस्ताव।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदन को बताया कि सत्रहवें दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा माह जनवरी–2025 के अंत में अथवा माननीय राज्यपाल महोदय की सुविधानुसार तिथि निर्धारित करने का प्रस्ताव प्रेषित किया हुआ है।

उक्त जानकारी के बाद सदन में कार्यसूची विवरण के साथ संलग्न विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के कुल 60505 विद्यार्थियों को दीक्षा प्रदान किए जाने की अनुमति प्रदान की गई।

तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव
विद्या परिषद